Number of Pages in Booklet : **28**
पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या
Number of Questions in Booklet : **70**
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या

Serial No. of Booklet
पुस्तिका क्रमांक

370805

# Public Administration
## Subject Code/विषय कोड : 37

Roll No. of Candidate/अभ्यर्थी का अनुक्रमांक : ..........................................

OMR Serial Number/ओ.एम.आर. क्रमांक : ..........................................

Signature of Candidate/अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : ..........................................

Date of Examination/परीक्षा तिथि : ..........................................

Signature of Invigilator/वीक्षक के हस्ताक्षर : ..........................................

Time/समय : **75** Minutes/मिनिट्स | Maximum Marks/पूर्णांक : **70**

### Instructions

1. Answer *all* questions.
2. *All* questions carry equal marks.
3. In this booklet, the questions from serial no. **1** to serial no. **10** are related to general aptitude while questions from serial no. **11** to serial no. **70** are subject specific.
4. Each question has four alternatives marked as (a), (b), (c), (d).
5. Choose only one alternative as an answer of a question.
6. If more than one answer is marked, then it will be treated as wrong answer.
7. Candidate has to darken only one circle indicating the correct answer on the answer sheet by using **BLUE BALL POINT PEN**.
8. There is no provision of **Negative marking**.
9. Carrying Mobile phone in the examination hall is strictly prohibited. If any objectionable material is also found then action will be taken as per University norms.
10. Please fill your Roll No. and other information carefully on OMR sheet. In case of any mistake on OMR sheet, candidate will be responsible.
11. If there is any difference between English and Hindi version of questions, then English version shall be correct.

### निर्देश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. इस प्रश्न पुस्तिका में क्रमांक **1** से क्रमांक **10** तक के प्रश्न सामान्य अभिवृत्ति के तथा क्रमांक **11** से क्रमांक **70** तक के प्रश्न विषय केन्द्रित हैं ।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर हैं जिन्हें क्रमश: (अ), (ब), (स), (द) से अंकित किया गया है ।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक विकल्प उत्तर के रूप में चुनिये ।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न का उत्तर गलत माना जाएगा ।
7. अभ्यर्थी को सही उत्तर हेतु केवल एक गोले को उत्तर पुस्तिका पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
8. **नकारात्मक अंक** प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं है ।
9. मोबाइल फोन का परीक्षा हॉल में लाना पूर्णतया निषिद्ध है । साथ ही कोई भी अन्य वर्जित सामग्री मिलने पर विश्वविद्यालय के नियमानुसार कार्यवाही होगी ।
10. अभ्यर्थी अपना रोल नम्बर एवं अन्य जानकारियाँ ओ.एम.आर. शीट पर सावधानी से भरें । ओ.एम.आर. शीट पर कोई भी त्रुटि होने पर उसका पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा ।
11. यदि प्रश्नों के हिंदी और अंग्रेजी रूपान्तरणों के मध्य किसी प्रकार का फर्क पाया जाता है, तब अंग्रेजी रूपान्तरण को ही सही माना जाएगा ।

## Space for Rough Work

## कच्चे कार्य के लिए स्थान

1. Which of the following states has the lowest female literacy rate as per 2011 census ?

(a) Punjab

(b) Bihar

(c) Haryana

(d) Rajasthan

2. The largest gland in Human body is :

(a) Heart

(b) Brain

(c) Liver

(d) Pancreas

3. Which of the following is *not* a direct tax ?

(a) Income Tax

(b) Corporate Tax

(c) Wealth Tax

(d) Excise Duty

1. निम्न राज्यों में से किस राज्य की सबसे कम महिला साक्षरता दर 2011 की जनगणना के अनुसार है ?

(अ) पंजाब

(ब) बिहार

(स) हरियाणा

(द) राजस्थान

2. मानव शरीर की सबसे लम्बी ग्रन्थि है :

(अ) हृदय

(ब) ब्रेन

(स) लिवर

(द) पैंक्रियाज

3. निम्न में से कौनसा प्रत्यक्ष कर **नहीं** है ?

(अ) आयकर

(ब) निगम कर

(स) पूँजी कर

(द) उत्पाद शुल्क

4. Find the correctly spelt word :

(a) Validity

(b) Velidity

(c) Validiaty

(d) Volidity

5. Synonymous of "Mutual" is :

(a) Joint

(b) Different

(c) Liberal

(d) Cancel

6. Antonym of the word "Brilliant" is :

(a) Dull

(b) Dumb

(c) Dusty

(d) Dead

4. सही स्पेलिंग वाला शब्द ज्ञात कीजिये :

(अ) Validity

(ब) Velidity

(स) Validiaty

(द) Volidity

5. "Mutual" का पर्याय है :

(अ) Joint

(ब) Different

(स) Liberal

(द) Cancel

6. "Brilliant" शब्द का विलोम शब्द है :

(अ) Dull

(ब) Dumb

(स) Dusty

(द) Dead

7. Anu and Vinay are ranked seventh and eleventh respectively from the top in a class of 31 students. What will be their respective ranks from bottom in the class ?

(a) 20th and 24th

(b) 24th and 20th

(c) 25th and 21st

(d) None of the above

8. A man is performing Yoga with his head down and legs up. His face is towards the west. In which direction will his left hand be ?

(a) North

(b) South

(c) East

(d) None of the above

7. 31 विद्यार्थियों की एक कक्षा में अनू एवं विनय का ऊपर से क्रमशः 7वाँ एवं 11वाँ स्थान है । उनका नीचे से कक्षा में क्या स्थान होगा ?

(अ) 20वाँ एवं 24वाँ

(ब) 24वाँ एवं 20वाँ

(स) 25वाँ एवं 21वाँ

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

8. एक व्यक्ति सिर नीचे एवं पैर ऊपर करके योगा कर रहा है । उसका मुँह पश्चिम दिशा की तरफ है । उसका बायां हाथ किस दिशा में है ?

(अ) उत्तर

(ब) दक्षिण

(स) पूर्व

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

9. Renu took a loan of Rs. 1,200 with simple interest for as many years as the rate of interest. If she paid Rs. 432 as interest at the end of the loan period, what is the rate of interest ?

(a) 3.6%

(b) 6%

(c) 18%

(d) None of the above

10. There are two pipes attached with a tank of 1000 litre. Pipe A can fill tank in 2 hrs and pipe B can fill in 4 hrs. What is the time required to fill the tank in case both are opened ?

(a) $\frac{4}{3}$ hrs

(b) $\frac{5}{3}$ hrs

(c) 2 hrs

(d) None of the above

9. रेणु ने 1,200 रुपये सरल ब्याज पर उतने ही वर्षों के लिए जितना कि उसकी ब्याज दर है, उधार लिए । अगर उसने 432 रुपये सरल ब्याज उधार वर्ष के अन्त में चुकाये, तो ब्याज दर क्या है ?

(अ) 3.6%

(ब) 6%

(स) 18%

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

10. पानी की 1000 लिटर की एक टंकी में दो पाइप लगे हैं । पाइप A टंकी को 2 घंटे में और पाइप B टंकी को 4 घंटे में भरते हैं । अगर दोनों पाइपों को एक साथ शुरू किया जाये तो टंकी भरने में कितना समय लगेगा ?

(अ) $\frac{4}{3}$ घंटे

(ब) $\frac{5}{3}$ घंटे

(स) 2 घंटे

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

11. One of the main subscribers of integral view of Public Administration is :

(a) Henri Fayol

(b) Luther Gulick

(c) L. D. White

(d) Oliver Sheldon

12. Who wrote the article "The Study of Administration" ?

(a) Herbert Simon

(b) Woodrow Wilson

(c) Henri Fayol

(d) F. W. Riggs

13. Comptroller and Auditor General is appointed for a period of :

(a) 7 years

(b) 6 years

(c) 5 years

(d) 4 years

11. लोक प्रशासन की एकीकृत विचारधारा के समर्थकों में से एक है :

(अ) हेनरी फेयॉल

(ब) लूथर गुलिक

(स) एल.डी. व्हाईट

(द) ऑलिवर शेल्डन

12. ''दी स्टडी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन'' लेख किसने लिखा था ?

(अ) हर्बर्ट साइमन

(ब) वुडरो विल्सन

(स) हेनरी फेयॉल

(द) एफ.डब्ल्यू. रिग्स

13. नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की नियुक्ति की अवधि होती है :

(अ) 7 वर्ष

(ब) 6 वर्ष

(स) 5 वर्ष

(द) 4 वर्ष

14. Which of the following is the characteristic of informal organization ?

(a) Hierarchy

(b) Rules

(c) Social relations

(d) Unity of command

15. A writ which commands a public official to do a thing which is part of his official duty is :

(a) Habeas corpus

(b) Mandamus

(c) Certiorari

(d) Quo warranto

16. Who among the following considers coordination as the first principle of organization ?

(a) Henri Fayol

(b) Mooney and Reiley

(c) Frank Marini

(d) Woodrow Wilsm

14. निम्न में से कौनसा लक्षण अनौपचारिक संगठन का है ?

(अ) पदसोपान

(ब) नियम

(स) सामाजिक सम्बन्ध

(द) आदेश की एकता

15. वह याचिका जो एक सरकारी अधिकारी को वह कार्य करने का आदेश देती है जो उसके सरकारी दायित्त्व का एक हिस्सा है, वह है :

(अ) बन्दी प्रत्यक्षीकरण

(ब) परमादेश

(स) उत्प्रेषण

(द) अधिकारपृच्छा

16. निम्न में से किसके अनुसार समन्वय संगठन का प्रथम सिद्धान्त है ?

(अ) हेनरी फेयोल

(ब) मूने एवं रिले

(स) फ्रेंक मेरीनी

(द) वुडरो विल्सन

17. Department of Border Management is a part of which Ministry ?

(a) Home

(b) Finance

(c) Defence

(d) External Affairs

18. Planning Commission is a :

(a) Line Agency

(b) Staff Agency

(c) Auxiliary Agency

(d) A Ministry

19. Who criticized principles of organization as 'proverbs' ?

(a) Mayo

(b) Simon

(c) Barnard

(d) Weber

17. सीमा प्रबन्धन विभाग किस मंत्रालय का हिस्सा है ?

(अ) गृह

(ब) वित्त

(स) सुरक्षा

(द) विदेशी मामले

18. योजना आयोग है एक :

(अ) सूत्र अभिकरण

(ब) स्टाफ अभिकरण

(स) सहायक अभिकरण

(द) एक मंत्रालय

19. संगठन के सिद्धान्तों को 'कहावतें' बताकर आलोचना किसने की ?

(अ) मेयो

(ब) साइमन

(स) बर्नार्ड

(द) वेबर

20. 'Theory Y' is related to :

(a) Decision-making

(b) Delegation

(c) Motivation

(d) Span of Control

21. Which of the following is *not* a joint committee of Lok Sabha and Rajya Sabha ?

(a) Public Accounts Committee

(b) Committee on Public undertakings

(c) Estimates Committee

(d) None of the above

22. Which type of Budget is presented in the form of "functions, programmes and activities" ?

(a) Line-item

(b) Zero base

(c) Performance

(d) None of the above

20. निम्न में किससे 'सिद्धान्त वाई' का संबंध है ?

(अ) निर्णयन

(ब) प्रत्यायोजन

(स) अभिप्रेरण

(द) नियंत्रण का क्षेत्र

21. निम्नलिखित में से कौनसी लोक सभा तथा राज्य सभा की संयुक्त समिति **नहीं** है ?

(अ) जनलेखा समिति

(ब) सार्वजनिक उद्यम समिति

(स) आकलन समिति

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

22. निम्न में से किस बजट को कार्यों, कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के रूप में प्रस्तुत किया जाता है ?

(अ) लाइन आइटम

(ब) शून्य आधारित

(स) निष्पादन

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

23. Who enjoys the right to pardon in a death sentence ?

(a) Chief Justice of Supreme Court

(b) President

(c) Prime Minister

(d) Governor

24. Graphic rating system is related to :

(a) Recruitment

(b) Training

(c) Classification

(d) Promotion

25. Rajasthan Civil Services Appellate Tribunal was set up in the year :

(a) 1975

(b) 1976

(c) 1977

(d) 1978

23. मृत्युदण्ड में क्षमादान का अधिकार किसे प्राप्त है ?

(अ) सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को

(ब) राष्ट्रपति को

(स) प्रधान मंत्री को

(द) राज्यपाल को

24. ग्राफिक-रेटिंग व्यवस्था निम्न में से किससे संबंधित है ?

(अ) भर्ती

(ब) प्रशिक्षण

(स) वर्गीकरण

(द) पदोन्नति

25. राजस्थान लोक सेवा अपीलीय प्राधिकरण की स्थापना किस वर्ष में की गई थी ?

(अ) 1975

(ब) 1976

(स) 1977

(द) 1978

26. Article 365 of the Indian Constitution is related to :

(a) President's rule

(b) National Emergency

(c) Financial Emergency

(d) None of the above

27. "Formal and Informal organization are not contradictory but complementary to each other." This is the view of :

(a) Chester Barnard

(b) Herbert Simon

(c) Elton Mayo

(d) Rensis Likert

28. The Cabinet Secretariat enjoys the status of :

(a) Ministry

(b) Department

(c) Board

(d) Commission

26. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 365 का निम्न में से किससे संबंध है ?

(अ) राष्ट्रपति शासन

(ब) राष्ट्रीय आपात स्थिति

(स) वित्तीय आपात स्थिति

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

27. ''औपचारिक एवं अनौपचारिक संगठन एक दूसरे के सहयोगी होते हैं परस्पर विरोधी नहीं ।'' यह विचार है :

(अ) चेस्टर बर्नार्ड का

(ब) हबर्ट साइमन का

(स) एल्टन मेयो का

(द) रेन्सिस लिकर्ट का

28. मंत्रिमंडल सचिवालय का निम्न में से किसके समकक्ष स्तर प्राप्त है ?

(अ) मंत्रालय

(ब) विभाग

(स) मंडल

(द) आयोग

29. Which one is *not* an administrative post ?

(a) Secretary

(b) Additional Secretary

(c) Joint Secretary

(d) Parliamentary Secretary

30. Which type of public undertaking out of the following is established by an Act of Parliament ?

(a) Departmental

(b) Company

(c) Corporation

(d) None of the above

31. According to Fred W. Riggs uni-functional structures are generally found in :

(a) underdeveloped societies

(b) developing societies

(c) developed societies

(d) none of the above

29. निम्न में से कौनसा एक प्रशासनिक पद **नहीं** है ?

(अ) सचिव

(ब) अतिरिक्त सचिव

(स) संयुक्त सचिव

(द) संसदीय सचिव

30. निम्न में से कौनसे प्रकार का लोक उद्यम संसद् के अधिनियम द्वारा स्थापित किया जाता है ?

(अ) विभागीय

(ब) कम्पनी

(स) निगम

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

31. फ्रेड डब्ल्यू. रिग्स के अनुसार एकल-कार्यात्मक संगठन सामान्यत: पाये जाते हैं :

(अ) अविकसित समाजों में

(ब) विकासशील समाजों में

(स) विकसित समाजों में

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

32. How many days are provided in Indian Parliament on discussion on "Demand for grants" ?

(a) 24

(b) 25

(c) 26

(d) 27

33. Number of Electricity distribution companies in Rajasthan is :

(a) 6

(b) 5

(c) 4

(d) 3

34. Of which Committee of Parliament, Comptroller and Auditor-General's role is defined as of friend, philosopher and guide ?

(a) Estimates

(b) Petitions

(c) Public undertakings

(d) Public Accounts

32. भारतीय संसद् में ''मागों पर अनुदान'' पर बहस हेतु कितने दिन के समय का प्रावधान है ?

(अ) 24

(ब) 25

(स) 26

(द) 27

33. राजस्थान में विद्युत वितरण कम्पनियों की संख्या है ?

(अ) 6

(ब) 5

(स) 4

(द) 3

34. संसद् की किस समिति के संदर्भ में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की भूमिका मित्र, दार्शनिक व मार्गदर्शक के रूप में उल्लेखित की जाती है ?

(अ) अनुमान

(ब) याचिका

(स) लोक उपक्रम

(द) जनलेखा

35. Distribution of portfolios to the Ministers in the centre is the responsibility of :

(a) President

(b) Vice-President

(c) Prime Minister

(d) Ruling Party President

36. The "Power of appointment and dismissal" is a tool of :

(a) Executive Control

(b) Judicial Control

(c) Parliamentary Control

(d) None of the above

37. In the absence of a Governor who is appointed as an acting Governor ?

(a) Chief Justice of High Court

(b) Chief Secretary

(c) Home Secretary

(d) Cabinet Secretary

35. केन्द्र में मंत्रियों को विभाग के वितरण का उत्तरदायित्त्व है :

(अ) राष्ट्रपति

(ब) उप-राष्ट्रपति

(स) प्रधान मंत्री

(द) शासन दल का अध्यक्ष

36. "नियुक्ति एवं निष्कासन का अधिकार" निम्न में से किस नियंत्रण का साधन है ?

(अ) कार्यपालिका

(ब) न्यायिक

(स) संसदीय

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

37. राज्यपाल की अनुपस्थिति में किसे कार्यवाहक राज्यपाल नियुक्त किया जा सकता है ?

(अ) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश

(ब) मुख्य सचिव

(स) गृह सचिव

(द) केबिनेट सचिव

38. Which Commission/Committee has suggested the appointment of Rashtriya Lok Ayukta ?

(a) L.K. Jha Commission

(b) Kothari Committee

(c) Administrative Reforms Commission-I

(d) Administrative Reforms Commission-II

39. Minimum age for contesting elections to Panchayati Raj Institutions is :

(a) 25 years

(b) 23 years

(c) 21 years

(d) 18 years

38. किस आयोग/समिति ने राष्ट्रीय लोक आयुक्त की स्थापना का सुझाव दिया है ?

(अ) एल.के. झा आयोग

(ब) कोठारी समिति

(स) प्रशासनिक सुधार आयोग-I

(द) प्रशासनिक सुधार आयोग-II

39. पंचायती राज संस्थाओं में चुनाव हेतु न्यूनतम आयु सीमा है :

(अ) 25 वर्ष

(ब) 23 वर्ष

(स) 21 वर्ष

(द) 18 वर्ष

40. Establishment of Central Vigilance Commission was suggested by :

(a) Appleby Committee

(b) Santhanam Committee

(c) Gorwala Committee

(d) ARC-I

41. Seniormost administrative post in a state is :

(a) Secretary to Governor

(b) Secretary to Chief Minister

(c) Chief Secretary

(d) Chairman Board of Revenue

42. In which country the executive is known as collegial executive ?

(a) America

(b) France

(c) India

(d) Switzerland

40. केन्द्रीय सतर्कता आयोग की स्थापना का सुझाव निम्न में से किसने दिया था ?

(अ) ऐपलबी समिति

(ब) संथानम समिति

(स) गोरवाला समिति

(द) प्रशासनिक सुधार आयोग-I

41. एक राज्य में वरिष्ठतम प्रशासनिक पद होता है :

(अ) राज्यपाल का सचिव

(ब) मुख्य मंत्री का सचिव

(स) मुख्य सचिव

(द) अध्यक्ष राजस्व मंडल

42. किस राष्ट्र में कार्यपालिका को बहुल कार्यपालिका कहा जाता है ?

(अ) अमेरिका

(ब) फ्रांस

(स) भारत

(द) स्विटजरलैण्ड

43. In Indian Civil Services Preliminary examinations, Civil Service Aptitude Test (CSAT) was introduced in :

(a) 2009

(b) 2010

(c) 2011

(d) 2012

44. Finance Commission is a :

(a) Quasi-judicial body

(b) Quasi-legislative body

(c) Quasi-administrative body

(d) None of the above

45. Which country has a Single House legislature ?

(a) USA

(b) France

(c) Nepal

(d) China

43. भारतीय लोक सेवाओं की प्रारंभिक परीक्षाओं में लोक सेवा अभिरुचि परीक्षा (सीसैट) कब से आरंभ हुई ?

(अ) 2009

(ब) 2010

(स) 2011

(द) 2012

44. वित्त आयोग एक :

(अ) अर्द्ध-न्यायिक निकाय है

(ब) अर्द्ध-विधायी निकाय है

(स) अर्द्ध-प्रशासनिक निकाय है

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

45. किस देश की व्यवस्थापिका में केवल एक सदन होता है ?

(अ) अमेरिका

(ब) फ्रांस

(स) नेपाल

(द) चीन

46. Planning Commission was established on the recommendation of :

(a) Simon Commission

(b) Appleby Committee

(c) Advisory Planning Board

(d) Interim Cabinet

47. List of functions that may be entrusted to the Municipalities are incorporated in which schedule of the Indian Constitution ?

(a) Sixth

(b) Seventh

(c) Eleventh

(d) Twelfth

48. Railway Board was established on the recommendation of :

(a) Aitichison Commission

(b) Robertson Committee

(c) Wheeler Committee

(d) Maxwell Committee

46. योजना आयोग की स्थापना निम्न में से किसके सुझाव से की गई थी ?

(अ) साइमन आयोग

(ब) एपलबी समिति

(स) सलाहकार नियोजन मंडल

(द) अंतरिम मंत्रिमंडल

47. ऐसे कार्यों की सूची को जिन्हें नगरपालिकाओं को सौंपा जा सकता है संविधान की कौनसी अनुसूची में समाविष्ट किया गया है ?

(अ) छठी

(ब) सातवीं

(स) ग्यारहवीं

(द) बारहवीं

48. निम्न में से किसके सुझाव पर रेलवे बोर्ड की स्थापना की गई थी ?

(अ) ऐचीसन आयोग

(ब) रोबर्टसन समिति

(स) व्हीलर समिति

(द) मैक्सवेल समिति

49. Herbert Spencer was a supporter of :

(a) Laissez-faire State

(b) Welfare State

(c) Administrative State

(d) Democratic State

50. Which of the following provides finance to Central Social Welfare Board ?

(a) Delhi Administration

(b) Government of India

(c) State Governments

(d) Finance Commission

51. By using poket veto power the President of USA can delay the assent to a bill for :

(a) 14 days

(b) 12 days

(c) 10 days

(d) 8 days

49. हर्बर्ट स्पेन्सर समर्थक थे :

(अ) अहस्तक्षेपवादी राज्य

(ब) लोक कल्याणकारी राज्य

(स) प्रशासकीय राज्य

(द) लोकतांत्रिक राज्य

50. केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड किसके द्वारा वित्त पोषित है ?

(अ) देहली प्रशासन

(ब) भारत सरकार

(स) राज्य सरकारें

(द) वित्त आयोग

51. अमरीका का राष्ट्रपति पॉकेट वीटो की शक्ति का प्रयोग करके किसी विधेयक पर सहमति को कितने दिन के लिये टाल सकता है ?

(अ) 14 दिन

(ब) 12 दिन

(स) 10 दिन

(द) 8 दिन

52. The Council of Ministers in a state is collectively responsible to :

(a) Governor

(b) Chief Minister

(c) Cabinet

(d) State Legislative Assembly

53. Block Development Officer is the Chief Executive Officer of :

(a) Panchayat

(b) Panchayat Samiti

(c) Zila Parishad

(d) None of the above

54. The Rajasthan Public Service Commission submits its annual report to :

(a) State Legislative Assembly

(b) Governor

(c) Chief Minister

(d) Chief Justice

52. राज्य की मंत्रि-परिषद् सामूहिक रूप से किसके प्रति उत्तरदायी होती है ?

(अ) राज्यपाल

(ब) मुख्य मंत्री

(स) मंत्रिमंडल

(द) राज्य की विधान सभा

53. खण्ड विकास अधिकारी किसका मुख्य कार्यकारी अधिकारी होता है ?

(अ) पंचायत

(ब) पंचायत समिति

(स) जिला परिषद्

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

54. राज्य लोक सेवा आयोग अपना वार्षिक प्रतिवेदन सौंपता है :

(अ) राज्य विधान सभा को

(ब) राज्यपाल को

(स) मुख्य मंत्री को

(द) मुख्य न्यायाधीश को

55. The post of Collector was created mainly for the purpose of function relating to :

(a) Revenue

(b) Development

(c) Law and order

(d) Crisis administration

56. Who was the First Chairman of Comparative Administration Group ?

(a) F.W. Riggs

(b) Dwight Waldo

(c) Ferrel Heady

(d) Ralph Braibanti

57. The concept of 'Functional Foremanship' was given by :

(a) Luther Gulick

(b) Henri Fayol

(c) Elton Mayo

(d) F.W. Taylor

55. जिलाधीश के पद की स्थापना मुख्य रूप से किन कार्यों के लिये की गई थी ?

(अ) राजस्व

(ब) विकास

(स) कानून एवं व्यवस्था

(द) आपात प्रशासन

56. तुलनात्मक प्रशासन समूह का प्रथम अध्यक्ष कौन था ?

(अ) एफ.डब्ल्यू. रिग्स

(ब) ड्वाईट वाल्डो

(स) फेरल हैडी

(द) राल्फ ब्रेबान्ती

57. कार्यात्मक टोलीनायक का विचार किसने दिया ?

(अ) लूथर गुलिक

(ब) हेनरी फेयॉल

(स) एल्टन मेयो

(द) एफ.डब्ल्यू. टेलर

58. Chancellor of Exchequer in England is related to :

(a) Foreign Office

(b) Home Office

(c) Scottish Office

(d) Treasury

59. Who acts as the Secretary of the National Development Council ?

(a) Cabinet Secretary

(b) Planning Secretary

(c) Secretary Planning Commission

(d) Finance Secretary

60. Which Committee suggested the constitution of Mandal Panchayats ?

(a) Ashok Mehta

(b) Balwantray Mehta

(c) Girdhari Lal Vyas

(d) L.M. Singhvi

58. इंग्लैंड में चान्सलर ऑफ एक्सचेकर का निम्न में से किससे संबंध है ?

(अ) फौरेन ऑफिस

(ब) होम ऑफिस

(स) स्कौटिश ऑफिस

(द) ट्रेजरी (राजकोष)

59. राष्ट्रीय विकास परिषद् के सचिव के रूप में कौन कार्य करता है ?

(अ) मंत्रिमंडल सचिव

(ब) योजना सचिव

(स) सचिव योजना आयोग

(द) वित्त सचिव

60. किस समिति ने मंडल पंचायतों के गठन का सुझाव दिया ?

(अ) अशोक मेहता

(ब) बलवंतराय मेहता

(स) गिरधारी लाल व्यास

(द) एल.एम. सिंघवी

61. The Prime Minister of France is :

(a) Directly elected

(b) Elected by the members of Senate

(c) Elected by members of National Assembly

(d) Appointed by the President

62. How many subjects have been delegated to Panchayati Raj Bodies in Rajasthan from the eleventh schedule ?

(a) 17

(b) 22

(c) 23

(d) 24

61. फ्रांस के प्रधान मंत्री का :

(अ) प्रत्यक्ष निर्वाचन होता है

(ब) सीनेट के सदस्यों के द्वारा निर्वाचन होता है

(स) राष्ट्रीय सभा के सदस्यों द्वारा निर्वाचन होता है

(द) राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त होता है

62. राजस्थान में पंचायती राज संस्थाओं को ग्यारहवीं सूची में से कितने विषय सौंपे गये हैं ?

(अ) 17

(ब) 22

(स) 23

(द) 24

63. Which of the following institutions is *not* included in the 74th Constitutional Amendment ?

(a) Nagar Panchayat

(b) Municipal Board

(c) Municipal Council

(d) Municipal Corporation

64. The classical theory emphasizes :

(a) Rules

(b) Procedures

(c) Structure

(d) All of the above

65. An important point of similarity between public and private administration is :

(a) Profit motive

(b) Accountability

(c) Political direction

(d) Work techniques

63. निम्नलिखित में से कौनसी संस्था 74वें संविधान संशोधन में सम्मलित **नहीं** है ?

(अ) नगर पंचायत

(ब) नगर मंडल

(स) नगर परिषद्

(द) नगर निगम

64. शास्त्रीय सिद्धांत निम्न में से किस पर बल देता है ?

(अ) नियम

(ब) प्रणालियाँ

(स) संरचना

(द) उपर्युक्त सभी

65. लोक प्रशासन और निजी प्रशासन में समानता का एक महत्त्वपूर्ण बिन्दु है :

(अ) लाभ कमाना

(ब) जबाबदेयता

(स) राजनीतिक निर्देशन

(द) कार्य तकनीकें

66. Who gave the concept of 'Administrative man' ?

(a) Herbert Simon

(b) Chester Barnard

(c) Max Weber

(d) Kautilya

67. Training which aims at preparing the candidate for recruitment is called :

(a) Pre-entry

(b) Post-entry

(c) In-service

(d) Foundational

68. In the 'Policy Cut' motion the amount of grant is :

(a) Reduced to one rupee

(b) Reduced to hundred rupees

(c) Reduced by hundred rupees

(d) Reduced by one rupee

66. 'प्रशासनिक मानव' की अवधारणा किसने दी है ?

(अ) हर्बर्ट साइमन

(ब) चेस्टर बर्नार्ड

(स) मैक्स वेबर

(द) कौटिल्य

67. वह प्रशिक्षण जिसका उद्देश्य प्रत्याशियों को भर्ती के लिये तैयार करना है, उसे कहते हैं :

(अ) प्रवेश-पूर्व

(ब) प्रवेश पश्चात्

(स) सेवाकालीन

(द) आधारभूत

68. 'नीतिगत कटौती' प्रस्ताव में अनुदान की मात्रा :

(अ) एक रुपया कर दी जाती है

(ब) सौ रुपये कर दी जाती है

(स) सौ रुपये कम कर दी जाती है

(द) एक रुपया कम कर दी जाती है

69. The Constitution of which of these countries is smallest ?

(a) France

(b) China

(c) USA

(d) India

69. निम्नलिखित में से किस देश का संविधान सबसे संक्षिप्त है ?

(अ) फ्रांस

(ब) चीन

(स) अमेरिका

(द) भारत

70. Which of the following is *not* a tool of Parliamentary control ?

(a) Question Hour

(b) No-confidence Motion

(c) Appeal to Public opinion

(d) Adjournment Motion

70. निम्न में से कौनसा साधन संसदीय नियन्त्रण का **नहीं** है ?

(अ) प्रश्न काल

(ब) अविश्वास प्रस्ताव

(स) लोकमत से अपील

(द) स्थगन प्रस्ताव

## Space for Rough Work

## कच्चे कार्य के लिए स्थान